भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2488

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

लक्षद्वीप में अपर्याप्त खेल अवसंरचना

2488. श्री हमदुल्ला सईद :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप के विभिन्न द्वीपों में अपर्याप्त खेल अवसंरचना तथा सीमित प्रशिक्षण सुविधाओं की जानकारी है;

(ख) क्या लक्षद्वीप प्रशासन से इनडोर स्टेडियमों, आउटडोर मैदानों, तैराकी सुविधाओं और युवा प्रशिक्षण केंद्रों के निर्माण सहित खेल बुनियादी ढांचे के विकास, आधुनिकीकरण या उन्नयन के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार का खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया योजना या दूसरी केंद्रीय योजनाओं के तहत लक्षद्वीप को अतिरिक्त निधि देने या विशेष सहायता देने का विचार है; और

(ङ) लक्षद्वीप में प्रस्तावित खेल अवसंरचना विकास कार्य कब तक क्रियान्वित होने की संभावना है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण इंडोर स्टेडियम, आउटडोर मैदान, तैराकी सुविधाओं और युवा प्रशिक्षण केंद्रों के निर्माण सहित खेल अवसंरचनाओं का विकास, आधुनिकीकरण या उन्नयन के साथ खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। इस मंत्रालय की स्कीमें मांग आधारित हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार और अन्य पात्र निकायों से प्राप्त प्रस्तावों पर वित्तीय सहायता के लिए उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के तहत धनराशि की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है। संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप सहित

देश भर में खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) जैसी अन्य खेल सुविधाओं का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आवंटित और जारी की जाती हैं राज्य-वार नहीं। पिछले तीन वर्ष और चालू वर्ष के दौरान लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र सहित देश भर में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की विभिन्न खेल और युवा विकास स्कीमों के तहत आवंटित धनराशि और किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये)

वित्तीय वर्ष	आवंटित धनराशि	किया गया व्यय
2025-26	3794.30	2268.33 (08.12.2025 तक)
2024-25	3232.85	2833.05
2023-24	3396.96	3024.04
2022-23	2673.35	2568.49

*****